The Speaker made an announcement welcoming H.E. Mr. Mahinda Yapa Abeywardana, Speaker of the Parliament of the Democratic Socialist Republic of Sri Lanka and Members of the Parliamentary Delegation from Sri Lanka

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन में विशिष्ट दीर्घा में श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महामहिम महिंदा यापा अभयवर्दन के नेतृत्व में श्रीलंका समाजवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य विराजमान हैं । मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए हमारे सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं ।

श्रीलंका गणराज्य के संसदीय शिष्टमंडल का भारत आगमन शनिवार, 16 दिसम्बर, 2023 को हुआ था । उसी दिन शिष्टमंडल ने औरंगाबाद के लिए प्रस्थान किया था । शिष्टमंडल के सदस्य अपने प्रस्थान से पूर्व गुवाहाटी की भी यात्रा करेंगे । हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम श्रीलंका गणराज्य की संसद, वहां की सरकार और वहां की मित्रवत जनता को अपनी बधाई और शुभकामानएं प्रेषित करते हैं ।

____

<u>11.01 hrs</u>